GOVT. DIGVIJAY AUTONOMOUS PG COLLEGE,
RAJNANDGAON, CG

AFFILIATED TO
Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg
Reaccredited B++ by NAAC

# DEPARTMENT OF HISTORY

# BEST PRACTICES
# 2023-24

# VOTER AWARENESS PROGRAM

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता

स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दिनांक 23 अगस्त 2023 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों, स्कूलों में छात्र/छात्राओं ने सहभागिता दी थी, इस कार्यक्रम में इतिहास विभाग के प्राध्यापकों डॉ.शैलेन्द्र सिंह, प्रो.हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने विभाग के छात्र–छात्राओं के साथ सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जिलाधीश श्री डोमन सिंह के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मिलकर शत–प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता अभियान में पूर्ण सहभागिता की बात कही। श्री डोमनसिंह द्वारा छात्र–छात्राओं के साथ मिलकर उन्हे लोगों के मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु संदेश देने की बात कही।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सहभागिता

कलेक्टर महोदय श्री डोमन सिंह जी के साथ

# NEP 2020

## नई राष्ट्रीय शिक्षानीति का उद्देश्य बहुविषयकता और समग्र शिक्षा है – डॉ.शैलेन्द्र सिंह

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ.के.एल. टाण्डेकर के मार्गदर्शन में नई राष्ट्रीय शिक्षानीति के अंतर्गत विस्तार गतिविधि हेतु ठाकुर प्यारेलाल सिंह उच्चत्तर माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षानीति का उद्देश्य बहुविषयक और समग्र शिक्षा है। नई शिक्षानीति के अंतर्गत 1 वर्ष के बाद प्रमाण पत्र, 2 वर्षों के बाद एडवांस डिप्लोमा 3 वर्षों के बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षो के बाद शोध के साथ स्नातक डिग्री प्रदान की जाएगी। नई शिक्षानीति के अंतर्गत कला विज्ञान का व्यावसायिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के नीचे कोई औपचारिक अंतर नही होगा। विद्यार्थी अपनी इच्छा के अनुरूप विषयों का चुनाव कर सकते हैं। विज्ञान का विद्यार्थी भी इतिहास विषय को जी.ई.विषय के रूप में चुन सकती है। इंटर्नशिप को व्यावसायिक शिक्षा में शामिल करने पर भी जोर दिया जा रहा है। विस्तार गतिविधि के अंतर्गत प्रो.हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर द्वारा इतिहास अध्ययन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि इतिहास से बुद्धिमतापूर्ण देशभक्ति विकसित करना, मानव सभ्यता के क्रमिक विकास का अध्ययन, प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति से वर्तमान पीढ़ी को अवगत करना है। प्यारेलाल स्कूल के प्राचार्य श्री भूषण साव ने इस कार्य की प्रशंसा की तथा कहा कि इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और जब वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने जाऐंगे तो वे नई शिक्षा नीति के सभी पहलुवों से परिचित होंगे। इस अवसर पर एम.ए.के विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा सहीं जवाब देने पर उन्हे पुरस्कृत किया।



**ठाकुर प्यारेलाल सिंह स्कूल में नई शिक्षा नीति 2020 एवं इतिहास जागरुकता अभियान**

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
क्र.________
दि.________
राजनांदगांव (छ.ग.)

Principal
Govt. Digvijay Auto. PG College,
Rajnandgaon